आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.12.2025 **1500 बजे**

विजय दिवस

राष्ट्र आज विजय दिवस मना रहा है। देश हर वर्ष इस दिन, उन वीर योद्धाओं के सर्वोच्च बलिदान को याद करता है जिनकी कहानियां राष्ट्रीय गौरव का स्रोत बनी हुई हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनके साहस और बलिदान ने 1971 में ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित की। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि सैनिकों के साहस, वीरता और मातृभूमि के प्रति अद्वितीय समर्पण ने हमेशा देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि उनकी वीरता व देशभक्ति देशवासियों को प्रेरित करती रहेगी। वीर सैनिकों के बलिदान को याद करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनके दृढ़ संकल्प और निस्वार्थ सेवा ने राष्ट्र की रक्षा की व भारत के इतिहास में गौरव का एक क्षण अंकित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सैनिकों की वीरता भारतीय पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सेना, नौसेना और वायु सेना ने त्रुटिहीन समन्वय के साथ कार्य करते हुए इतिहास को नया रूप दिया और भारत के रणनीतिक संकल्प को मजबूत किया। इधर प्रदेश में भी विभिन्न स्थानों पर विजय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंडी स्थित शहीद स्मारक में आयोजित विजय दिवस कार्यक्रम में अमर शहदों को श्रद्धांजलि दी गई।

वॉकथॉन

राज्य सरकार द्वारा प्रदेशभर में शुरू किए गए एंटी चिट्टा हिमाचल अभियान के तहत आज हमीरपुर में मैगा वॉकथॉन का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में आयोजित इस मैगा वॉकथॉन में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, युवाओं, स्वयंसेवी संगठनों और अन्य लोगों ने भाग लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी को चिट्टे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे जैसी बुराई के खिलाफ जागरूकता फैलाना और युवाओं को नशे से दूर रखना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी से स्वस्थ, सुरक्षित व चिट्टा मुक्त हिमाचल में अपना सक्रिय योगदान देने की अपील भी की।

सिकंदर कुमार

केंद्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में यमुना नदी के प्रदूषण को कम करने के लिए पांवटा साहिब में 11 करोड़ 57 लाख रूपये की लागत वाली एक इंटरसैप्शन, डायवर्जन व एस.टी.पी. परियोजना को मंजूरी दी गई है। राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा संसद में इस संबंध में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने ये बात कही। राजभूषण चौधरी ने बताया कि ये परियोजना पूर्ण हो चुकी है और इसका संचालन हिमाचल प्रदेश सरकार के सिंचाई व जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जाता है।

राजीव भारद्वाज

केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा है कि पिछले 3 वर्षों में हिमाचल प्रदेश में कुष्ठ रोगियों की संख्या में कमी आई है। कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज द्वारा सदन में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी दी। केंद्रीय राज्य मंत्री ने ये भी बताया कि हिमाचल में राष्ट्रीय टी.बी. उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टी.बी. रोगियों की संख्या में भी कमी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वर्ष 2022 में 16 हज़ार 89 टी.बी. रोगियों की तुलना में वर्ष 2024 में 15 हज़ार 6 सौ 7 मामले सामने आए।

कार्यशाला

भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा सोलन के कुमारहट्टी स्थित होम्योपैथी कॉलेज में 6 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला में देशभर से होम्योपैथी विभाग के सैंकड़ों सदस्य भाग ले रहे हैं। हिमाचल प्रदेश होम्योपैथी बोर्ड के रजिस्ट्रार आशुतोष शर्मा ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य होम्योपैथी पद्धति को और सुदृढ़ करना है।

....